# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## —: सामान्य जिज्ञासा एवं समाधान :—

**प्रश्न 1 ऑनलाईन आवेदन क्या ई–मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्र के अतिरिक्त अन्यत्र से या स्वयं अपने इन्टरनेट के माध्यम से किया जा सकता है ?**

उत्तर हाँ, लेकिन इसके लिए आपको ए.टी.एम.कम डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिग के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा कराना होगा, अन्यथा आप परीक्षा शुल्क ई–मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्र पर जमा कराकर तथा टोकन नम्बर लेकर भी स्वयं के स्तर पर आवेदन पत्र भर सकते हैं।

**प्रश्न 2 परीक्षा शुल्क को ए.टी.एम.कम डेबिट कार्ड /क्रेडिट कार्ड तथा इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कराने की क्या प्रक्रिया है ?**

उत्तर इसके लिए सर्वप्रथम jaipur.emitra.gov.in पर जाकर "Register Now" option पर क्लिक कर अपना यूजर आई.डी. बनाएं। इसके आगे की चरणबद्ध प्रक्रिया के लिए Online Payment के निर्देशों को भली–भांति देख लें। बैंक चालान तथा पोस्ट ऑफिस के माध्यम (e-payment) से परीक्षा शुल्क प्राप्त किये जाने संबंधी निर्णय शीघ्र लिया जाकर तदनुसार सूचना जारी कर दी जाएगी।

**प्रश्न 3 क्या ऑनलाईन आवेदन हेतु अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को राजस्थान आना आवश्यक है?**

उत्तर अन्य राज्यों के अभ्यर्थी Online Payment का विकल्प अपनाकर ए.टी.एम.कम डेबिट कार्ड /क्रेडिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिग के माध्यम से परीक्षा शुल्क परीक्षा शुल्क जमा करते हुए आवेदन भर सकते हैं। यदि अपने स्तर पर किसी भी माध्यम से ई–मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्रों द्वारा जारी टोकन नम्बर प्राप्त कर लेते हैं, तो भी वे संबंधित राज्य से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

**प्रश्न 4 क्या ऑनलाईन आवेदन के साथ उसका प्रिंटआउट भी डाक से भेजने की आवश्यकता है ?**

उत्तर नहीं। ऑनलाईन आवेदन के साथ उसका प्रिंटआउट डाक से भेजने की कोई भी आवश्यकता नहीं है।

**प्रश्न 5 क्या प्रवेश पत्र भी आयोग की वेबसाईट से ही जारी किये जाएंगे ?**

उत्तर आयोग ने निर्णय लिया है कि भविष्य में होने वाली सभी परीक्षाओं हेतु प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाईट से ही जारी किये जाएंगे अर्थात् आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जाएंगे। आयोग द्वारा **वेबसाईट पर प्रवेश पत्र जारी किए जाने की प्रक्रिया सामान्यतया परीक्षा तिथि से एक सप्ताह पूर्व** की जाती है। किसी परीक्षा विशेष में यह समयावधि घटाई या बढ़ाई भी जा सकती है। आायोग यह भी प्रयास करेगा कि यदि अभ्यर्थी द्वारा अपने आवेदन में ई–मेल या मोबाईल नम्बर डाला गया है, तो उसके माध्यम से भी प्रवेश पत्र जारी किये जाने की सूचना प्रेषित कर दी जाएगी, किन्तु अभ्यर्थी को इस हेतु समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति व वेबसाईट का भी अवलोकन कर लेना चाहिए।

**प्रश्न 6 यदि वेबसाईट नहीं खुल पा रही है या धीमी चल रही है, तो क्या करें ?**

उत्तर यदि वेबसाईट नहीं खुल पा रही है या धीमी चल रही है, तो अभ्यर्थी सुविधानुसार जब सर्वर पर भार कम हो यथा रात्रि में भी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। समस्त अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि अन्तिम तिथि से पर्याप्त समय पूर्व ही आवेदन की कार्यवाही कर लें, ताकि अंतिम समय पर होने वाली असुविधा से बच सकें।

**प्रश्न 7 यदि वेबसाईट पर फोटो व हस्ताक्षर अपलोड नहीं हो पा रहे हैं, तो क्या करें ?**

उत्तर आप यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो 200 KB से व हस्ताक्षर 100 KB से अधिक के नहीं हैं। यथासंभव उसे JPG(Save for web) या PNG फार्मेट में अपलोड करें। इसके लिए आप माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के **इमेज एडिटर** या **पिक्चर मैनेजर** टूल का भी उपयोग कर सकते हैं। अगर आपके पास माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस का 2010 वर्जन है, तो चित्र पर माउस दाईं तरफ क्लिक कर इच्छानुसार इमेज फारमेट कर सकते हैं। इस हेतु आयोग द्वारा वेबसाइट पर एक सॉफ्टवेयर टूल भी डाला जा रहा है, जिसके माध्यम से आप सरलतया JPG को PNG फार्मेट में बदल सकते हैं।

**प्रश्न 8 यह कैसे पता चलेगा कि ऑनलाईन आवेदन आयोग में पहुंच चुका है?**

उत्तर ऑनलाईन आवेदन करने के उपरांत आवेदक को आवश्यक रूप से **आवेदन क्रमांक** (Application ID) प्राप्त होगा। अतः अभ्यर्थी यह आवश्यक रूप से सुनिश्चित कर लें कि आवेदन के उपरांत उसे **आवेदन क्रमांक** (Application ID) प्राप्त हो चुका है। यह भी ध्यान रखें कि आवेदन क्रमांक परीक्षा शुल्क जमा कराने के टोकन नम्बर से भिन्न होता है। टोकन नम्बर फीस जमा कराने पर प्राप्त होता है जबकि आवेदन क्रमांक आवेदन जमा होने पर। यदि आवेदन के प्रिंट–प्रिव्यू के बावजूद आवेदक को **आवेदन क्रमांक** (Application ID) प्राप्त नहीं हुआ है, तो इसका तात्पर्य यह है कि उसका आवेदन वस्तुतः Submit ही नहीं हो पाया है। ऐसी स्थिति में सही रूप में आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें। आवेदन प्राप्ति के उपरांत अभ्यर्थी द्वारा दिये गये e-mail ID पर ई–मेल एवं मोबाईल नम्बर पर SMS भी भेज दिया जाता है, अतः उसे भी चैक कर लें।

**प्रश्न 9 यदि आवेदन करने के बाद आवेदन क्रमांक (Application ID) प्राप्त नहीं हुआ है तो क्या करें?**

उत्तर ऑनलाईन आवेदन करने के उपरांत यदि अभ्यर्थी को **आवेदन क्रमांक** (Application ID) प्राप्त नहीं होता है, तो सर्वप्रथम ऑनलाईन आवेदन पर क्लिक कर अपने **आवेदन के स्टेटस** (Application Status) की जाँच कर लें। यदि अभ्यर्थी के डाटा नहीं होने (Data not found) की सूचना दिखाई देती है, तो अभ्यर्थी पुनः अपने उसी टोकन नम्बर का प्रयोग करते हुए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया दोहराएं।

**प्रश्न 10 यदि आवेदक आवेदन करने के बाद आवेदन क्रमांक (Application ID) भूल जाएं, तो क्या करें ?**

उत्तर इस हेतु आवेदक आयोग के ऑनलाईन आवेदन पोर्टल पर जाकर "Get Application Status" पर क्लिक करें और इसमें ई–मित्र कियोस्क पर परीक्षा शुल्क जमा कराने का टोकन नम्बर तथा अपनी जन्म तिथि भरकर आवेदन क्रमांक जान लें। आवेदक की सुविधा के लिए मोबाईल नम्बर के अनुसार भी अपने आवेदन पत्र को देखने की सुविधा दी गई है।

**प्रश्न 11 यदि आवेदक को बाद में पता चलता है कि उसका पूर्व आवेदन त्रुटिपूर्ण रह गया है तो क्या करें ?**

उत्तर इस हेतु आवेदक आवेदन की अंतिम तिथि से पूर्व दुबारा आवेदन फॉर्म भर लें। यदि आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवेदन में संशोधन का अवसर दिया गया है तो उसकी अंतिम तिथि से पूर्व निर्धारित शुल्क जमा कराकर अपने किसी फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ आयोग में उपस्थित होकर संशोधन करा लें।

**प्रश्न 12 ऑनलाईन से संबंधित अन्य प्रक्रिया जानने हेतु क्या करें ?**

उत्तर आयोग द्वारा इस हेतु विस्तृत निर्देश वेबसाईट पर डालें गए हैं। साथ ही सरलता के लिए पूरी प्रक्रिया "Step by Step Application Process" तथा "Step by Step Online Payment Process" पर क्लिक कर जान लें।

**प्रश्न 13 यदि किसी ई–मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्र द्वारा निर्धारित राशि से अधिक राशि वसूली जा रही है या स्वयं के यहां ऑनलाईन आवेदन की शर्त पर ही परीक्षा शुल्क जमा किए जा रहे हैं, तो इसकी शिकायत कहाँ करें?**

उत्तर ई–मित्र कियोस्क तथा जन सुविधा केन्द्र जिला ई गवर्नेस सोसाइटी के अधीन होते हैं, जिनके अध्यक्ष जिला कलक्टर होते हैं। वहां शिकायत करने पर उनके विरूद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण के अतिरिक्त आपराधिक कार्यवाही भी की जा सकती है। आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी आप फीडबैक में जाकर परिवाद व सुझाव भेज सकते हैं।

**प्रश्न 14 ऑनलाईन आवेदन के संबंध में अन्य जानकारी कहाँ से प्राप्त करें ?**

उत्तर ऑनलाईन आवेदन के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय समय में आयोग कार्यालय के हेल्पलाईन नम्बर **0145–5151212** का प्रयोग कर सकते हैं।